प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 26.04.2021

महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

"एण्टी रोमियो टीम" द्वारा शहर में भ्रमण कर लोगो को कोरोना संक्रमण के प्रति जागरूक करते हुए मास्क का वितरण किया गया

आज दिनाँक 26.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में प्रभारी एण्टी रोमियो टीम निरीक्षक रचना सिंह मय टीम द्वारा शहर के मुख्य बाजार/मोहल्लो में भ्रमण कर लोगो को कोरोना संक्रमण के प्रति जागरुक करते हुए मास्क का वितरण किया गया। लोगो को बताया गया कि सभी मास्क का प्रयोग करें, सामाजिक दूरी बनाये एवं हाथों को साबुन/पानी से धोते रहें। बहुत जरुरी होने पर ही घरों से निकले। भ्रमण के दौरान टीम ने पाया कि कुछ नवयुवक अपने गली/मोहल्लो में बिना वजह घूम रहे हैं, जिन्हे टीम द्वारा हिदायत देकर घरो के अन्दर रहने को कहा गया। इसी दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आई महिला फरियादियों को भी टीम द्वारा मास्क दिया गया।

प्र0नि0 महिला थाना श्री अनिल कुमार मय टीम द्वारा शहर में कोविड-19 का उल्लंघन करने वालो की चेकिंग की गई एवं उक्त निर्देशों से अवगत कराते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालो का चालान भी किये गये।